आज

महानगर

४

प्रयागराज, रविवार ११ अक्तूबर, २०२६

दस दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर कारोबारीकी पत्नीसे १३.५० लाखकी ठगी

पुलिसका अधिकारी बताकर मनी लांड्रिंगमें फंसानेकी धमकी, मुकदमेसे नाम हटानेके नामपर ऐंठे रुपये

लूकरगंज निवासी कारोबारी की पत्नी को साइबर ठगों ने १० दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखकर १३.५० लाख रुपये ठग लिए। शातिरों ने खुद को दिल्ली पुलिस का अधिकारी बताकर महिला को मनी लांड्रिंग के मामले में फंसाने की धमकी दी। इसके बाद एफआईआर से नाम हटाने के नाम पर जुर्माना जमा कराने का झांसा देकर अलग-अलग खातों में रकम ट्रांसफर करा ली। साइबर थाना पुलिस पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

लूकरगंज निवासी कारोबारी की पत्नी ने पुलिस को दी तहीरर में बताया कि २९ सितंबर को उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने दावा किया कि उनके नाम से आईसीआईसीआई बैंक में खाता खुला है, जिसमें मनी लांड्रिंग के आरोपी संदीप कुमार से जुड़ी रकम आई है। उन्होंने इससे इन्कार किया तो फोन करने वाले ने कहा कि खाते में उनका आधार कार्ड इस्तेमाल किया गया है। इसके बाद अलग-अलग मोबाइल नंबरों से व्हाट्सएप कॉल आने लगीं।

आरोप है कि कॉल करने वालों ने खुद को दिल्ली के बाराखंभा थाने का पुलिस अधिकारी बताया और महिला व उनके परिवार को एफआईआर में फंसाकर जिंदगीभर जेल में सड़ाने की धमकी दी। आरोपियों ने महिला को घर पर ही डिजिटल अरेस्ट कर लिया और ऑनलाइन सुनवाई का नाटक किया। पीड़िता के मुताबिक, आरोपियों ने केस से नाम हटाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक का कथित पत्र भेजा और बैंक ऑफ इंडिया के एक खाते में १३.५० लाख रुपये जमा करने को कहा। धमकियों से भयभीत होकर उन्होंने अपने बैंक खाते से बताई गई रकम ट्रांसफर कर दी। बाद में ठगी का अहसास होने पर उन्होंने साइबर पुलिस से शिकायत की।

पूर्व सीएमएस से डिजिटल अरेस्ट कर ठगे थे १.७८ करोड़

२६ अगस्त को जॉर्जटाउन निवासी पूर्व महिला सीएमएस को करीब एक महीने तक डिजिटल अरेस्ट का झांसा देकर १.७८ करोड़ रुपये ठगे गए थे। आरोपियों ने पार्सल में ड्रग्स मिलने और उसमें पीड़िता का आधार कार्ड संलग्न होने का दावा कर गिरफ्तारी का डर दिखाया था। लगातार रकम मांगने पर पीड़िता ने बंगलुरु में रहने वाली अपनी बेटी को जानकारी दी, तब साइबर ठगी का पता चला। मामले में साइबर पुलिस ने एक अक्तूबर को प्राथमिकी दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया था।

जल गुणवत्ता निगरानी अभियान: ४,३१६ नमूनोंकी जांच

यात्रियों के स्वास्थ्य एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रयागराज मंडल द्वारा संचालित जल गुणवत्ता निगरानी अभियान के अंतर्गत एक माह में कुल ४,३१६ जल नमूनों की जांच की गयी। इनमें ३,९५८ अवशिष्ट क्लोरीन, ३४५ बैक्टीरियोलाजिकल तथा १३ केमिकल एनालिसिस के नमूने शामिल हैं। मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर स्थित पेयजल नलों, वाटर कूलरों, जल भण्डारण टंकियों एवं अन्य पेयजल स्रोतों की नियमित जांच एवं निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही जल भंडारण टंकियों की जांच के दौरान निर्धारित गुणवत्ता मानकों में किसी प्रकार की कमी मिलने पर संबंधित विभागों के समन्वय से आवश्यक सुधारात्मक एवं निवारक काररवाई सुनिश्चित की जाती है। मण्डल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल ने कहा कि पेयजल की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित जांच एवं सतत निगरानी की प्रभावी व्यवस्था की गयी है तथा इसमें किसी भी प्रकारकी लापरवाही न हो, यह सुनिश्चित किया जा रहा है।

दिनमें तेज धूपसे लोग परेशान, रातमें ठण्डकसे राहत

प्रयागराज में दिन और रात के मौसम में अंतर बढ़ने लगा है। दिन में तेज धूप निकलने से उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान कर रही है, जबकि रात होते ही मौसम ठण्डा हो जा रहा है। पिछले दो दिनों से रात के तापमान में धीरे-धीरे गिरावट दर्ज की जा रही है। ग्रामीण इलाकों में रात के समय ओस पड़ने के साथ ठण्ड काफी बढ़ जा रही है। आज रात और दिन में तापमान का अन्तर दस डिग्री सेल्सियस रहा।

शनिवार को सुबह से ही आसमान में तेज धूप निकली रही। हालांकि बीच-बीच में सूरज बादलों की ओट में छिप जा रहा था। पिछले दो दिनों से सुबह से शाम तक धूप रहने के कारण दिन में गर्मी और उमस महसूस हो रही है। वहीं, देर शाम के बाद तापमान गिरने लगता है और रात में ठण्डक बढ़ जाती है। रात में तापमान में गिरावट के चलते लोगों को गर्मी से राहत मिल जा रही है। मौसम के इस बदलाव का असर नगर के साथ ग्रामीण इलाकों में भी दिखायी दे रहा है। शनिवार को संगमनगरी में अधिकतम तापमान ३३.२ डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान २३ डिग्री सेल्सियस रहा। रविवार को भी दिन में धूप और उमस बनी रह सकती है, जबकि रात में तापमान गिरने से मौसम अपेक्षाकृत ठण्डा रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक, १५ अक्तूबर के बाद ठण्ड का असर और बढ़ने की सम्भावना है। फिलहाल अगले दो दिनों के दौरान बीच-बीच में हल्की बूंदाबांदी या बारिश हो सकती है। इससे तापमान में बदलाव आने की सम्भावना है।

जैविक शोधमें आधुनिक तकनीक एवं डेटा विश्लेषणपर मंथन

ईविवि के जंतु विज्ञान (जूलॉजी) विभाग की ओर से आयोजित तीन दिवसीय मल्टी-ओमिक्स कार्यशाला शनिवार को संपन्न हो गई। 'एक्सप्लोरिंग मल्टी-ओमिक्स : मेटाजीनोमिक्स, मेटाबोलोमिक्स एंड देयर डेटा एनालिसिस' विषय पर आयोजित कार्यशाला में छात्रों और शोधकर्ताओं को आधुनिक जैविक विज्ञान, कंप्यूटेशनल तकनीक और डेटा विश्लेषण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव ने कार्यशाला का उद्घाटन किया।

मुण्डेरा मण्डीमें असुरक्षित है व्यापारी, बढ़ रही घटनाएं

मण्डीमें आये दिन हो रही चोरियां, जिम्मेदार मौन

मुंडेरा फल एवं सब्जी मंडी में अव्यवस्थाएं चरम पर हैं। मंडी प्रशासन की अनदेखी के चलते मुख्य रास्तों पर गड्ढे, नालियों का गंदा पानी फैला रहता है वही सुरक्षा की भारी कमी से व्यापारियों में आक्रोश है। मण्डी उप निदेशक संजय सिंह ने भी अधिकारियों से बैठक करते हुए मुण्डेरा मण्डी की दुर्व्यवस्था पर चिंता जतायी थी। मालूम हो कि आठ एवं नौ अक्टूबर की देर रात्रि में ई रिक्शा से आये चोरों ने मुण्डेरा मण्डी के आढ़ती डीएन त्रिपाठी की दुकान से पांच बोरी प्याज की चुरा ली। इस चोरी का खुलासा सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल के बाद हुआ। भोर में जब आढ़ती पहुंचे तो दुकान में चोरी का पता चला। पूर्व में चट्टा नंबर दो पर भी वाहन में रखे करीब रु २ लाख ३८ हजार की चोरी हुई थी। जिसे एक अज्ञात बच्चा लेकर फरार हो गया। जब घटना की फुटेज देखने की कोशिश की गई, तो पता चला कि मंडी के सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े थे। व्यापारियों का आरोप है कि गेट पर तैनात सुरक्षा गार्ड केवल दिखावे के हैं और बिना रोक-टोक असामाजिक तत्व परिसर में आते-जाते हैं। शाम होते ही मंडी में जुआ और शराबखोरी का माहौल बन जाता है। मण्डी में आये दिन सामान एवं वाहनों की चोरी होने की घटनाये बढ़ रही है। मण्डी में लाइटे खराब होने से अंधेरे का फायदा उठाकर लगातार चोरियां की जा रही है। सुरक्षा कर्मी भी नदारद रहते है वहीं मण्डी की हर गली और सड़क पर गंदगी पसरी रहने से दुर्गंधयुक्त वातावरण में व्यापारियों को अपना व्यवसाय करना पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि वे नियमित रूप से 'सुविधा शुल्क' व अन्य कर चुकाते हैं, लेकिन इसके बावजूद मंडी परिसर में बुनियादी सुविधाएं तक नदारद हैं। गेट नंबर दो से अंदर जाने पर चट्टा नंबर एक और दो के बीच की मुख्य सड़क पूरी तरह बदहाल है। सड़क पर गहरे गड्ढे हैं और लगातार गंदा पानी भरा रहता है। व्यापारियों का आरोप है कि मंडी सचिव से कई बार शिकायत के बावजूद कोई काररवाई नहीं हुई। गड्ढों और कीचड़ के कारण आए दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

'ध्रुवस्वामिनी' में जीवंत हुए नारी स्वाभिमान और स्वतंत्रताके प्रश्न



उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के प्रेक्षागृह में शनिवार को जयशंकर प्रसाद की कालजयी रचना 'ध्रुवस्वामिनी' के मंचन ने नारी स्वाभिमान, अधिकार और स्वतंत्रता के प्रश्नों को जीवंत कर दिया। प्रियंका शर्मा के निर्देशन में कलाकारों के प्रभावशाली अभिनय ने दर्शकों का मन मोह लिया।गुप्तकालीन पृष्ठभूमि पर आधारित इस नाटक में सत्ता, सामाजिक मर्यादा और स्त्री के अधिकारों के बीच संघर्ष को दर्शाया गया।भारतेन्दु नाट्य अकादमी, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र और जिला प्रशासन, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में वीर नायकों पर आधारित नाट्य मंचन शृंखला के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम का आरम्भ शनिवार को मुख्य अतिथि महापौर और केंद्र निदेशक सुदेश शर्मा, उपनिदेशक डाक्टर मुकेश उपाध्याय, कार्यक्रम सलाहकार कल्पना सहाय ने दीप जलाकर किया। नाट्य प्रस्तुति में ध्रुवस्वामिनी अन्याय के सामने झुकने के बजाय अपने आत्मसम्मान और स्वतंत्र निर्णय के लिए आवाज उठाती है। ध्रुवस्वामिनी की भूमिका में प्रियंका शर्मा, रामगुप्त- सुशील शर्मा और चंद्रगुप्त-सुधीर रिखारी, शिखरस्वामी-राज तंवर, पुरोहित-अंकित सत्ती, शकराज-गिरीश बदलानी, कोमा की भूमिका पल्लवी वाई सिंह, मंदाकिनी- कनिष्का झा और मिहिरदेव की भूमिका देव ने निभायी। किन्नर की भूमिका में पृथ्वी वर्मा ने शानदार अभिनय किया। संगीत अंकित सत्ती और हुर्रमत का रहा, जबकि प्रकाश संचालन राहुल सेन ने किया। कार्यक्रम के दौरान कारगिल युद्ध के विजेताओं, कारगिल के शहीदों की वीर नारियों तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारतेन्दु नाट्य अकादमी के सहायक निदेशक डाक्टर सुमित श्रीवास्तव, रंगमंडल के सहायक निदेशक प्रीवेन्द्र सिंह, अभिलाष नारायण, प्रदीप भटनागर आदि लोग उपस्थित रहे।

समाजवादी विचारोंको जन-जन तक पहुंचानेका लिया संकल्प

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र संघ भवन में शनिवार को समाजवादी आंदोलन के प्रमुख नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि मनाई गई। समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके विचारों और समाजवादी सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने सामाजिक न्याय और समानता के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उन्होंने कमजोर, वंचित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई। उनके विचार आज भी युवाओं को समाजसेवा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि नेताजी की समाजवादी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए विद्यार्थियों और आमजन के बीच उनके विचारों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। छात्रहित और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों पर भी संघर्ष जारी रखा जाएगा। कार्यक्रम में अखिलेश गुप्ता गुड्डू, राहुल पटेल, हरेन्द्र यादव, आशुतोष गुड्डू, विजय कांत यादव, आशुतोष मौर्या, गौरव गोंड, आयुष महात्मा, दीपांश यादव, अंश यादव, दीपांशु, रोशन माहिर, राकेश ग्वाला और रामनयन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जीएसटी संग्रहमें आबादी ही नहीं, आय एवं क्रय शक्ति भी अहम

जीएसटी संग्रह केवल जनसंख्या पर निर्भर नहीं करता, बल्कि प्रति व्यक्ति आय, क्रय शक्ति, उपभोग और आर्थिक गतिविधियां भी इसमें अहम भूमिका निभाती हैं। राज्यों के बीच आर्थिक असमानता दूर करने और कर राजस्व के उचित वितरण के लिए केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। यह बात नीति आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. मनमोहन कृष्ण ने शनिवार को जीएसटी सुधारों पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में कही।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन जीएसटी के नीतिगत प्रभावों, केंद्र-राज्य वित्तीय संबंधों और कर व्यवस्था के व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा हुई। प्रो. मनमोहन कृष्ण ने महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और बिहार के उदाहरणों से राज्यों के बीच आर्थिक असमानता और कर राजस्व के वितरण की चुनौतियों को समझाया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे बड़े राज्यों के विकास तथा सभी राज्यों के बीच सहयोग के बिना देश की समावेशी आर्थिक प्रगति संभव नहीं है। राजीव गांधी विश्वविद्यालय के प्रो. सुशांत कुमार नायक ने जीएसटी और केंद्र-राज्य वित्तीय संबंधों पर विचार रखे। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. मनोज अग्रवाल ने कहा कि वर्ष २०२० के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ती अनिश्चितताओं ने नई नीतिगत चुनौतियां पैदा की हैं। समापन समारोह की अध्यक्षता प्रो. मनमोहन कृष्ण ने की। बिलासपुर स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ के सामाजिक विज्ञान संकाय के डीन प्रो. आरके प्रधान ने मुख्य वक्ता के रूप में विचार रखे। इस दौरान जीएसटी सुधारों के आर्थिक एवं नीतिगत महत्व, भारतीय संघवाद में वित्तीय समन्वय और देश के विकास में कर सुधारों की भूमिका पर चर्चा हुई। दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन अर्थशास्त्र विभाग के संयोजक प्रो. सुनील कुमार पाढ़ी, सह-संयोजक डॉ. मनोरंजन साहू, आयोजन सचिव डॉ. भारतेन्दु कुमार चतुर्वेदी और सह-आयोजन सचिव डॉ. प्रदीप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यकर्ता हर बूथपर संघटनको करें मजबूत -अवधेश

काशी क्षेत्रके उपाध्यक्षने बताया -१६ तक चलेगा भाजपा का सघन मतदाता संपर्क अभियान

भाजपा काशी क्षेत्र के उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर संघटन को मजबूत करने की अपील की है। बताया कि पार्टी की ओर से १६ अक्टूबर तक सघन मतदाता संपर्क अभियान चलाया जाएगा।

इलाहाबाद-झासी स्नातक निर्वाचन चुनाव की तैयारियों को लेकर शनिवार को सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तीनों विधानसभा क्षेत्रों (शहर उत्तरी दक्षिणी एवं पश्चिमी) के विधानसभा संयोजक प्रभारी शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष एवं स्नातक चुनाव के सह संयोजक अवधेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता हर बूथ पर जीत का लक्ष्य लेकर चलें । उन्होंने कहा कि विधानसभा संयोजक व प्रभारी पोलिंग प्रभारी व संयोजक के साथ बैठक करके पोलिंग व बूथ स्तर पर रणनीति तैयार कर लें। प्रतिदिन २० मतदाताओं के साथ संपर्क करना है और मतदाता प्रमुख बनाने की योजना बनानी है। १६ अक्टूबर तक सघन मतदाता संपर्क अभियान चलाया जाएगा। १२ अक्टूबर को अधिवक्ता सम्मेलन का आयोजन जिला पंचायत सभागार में किया जाएगा। किया जाएगा। उसके बाद १५ से १८ अक्टूबर तक स्नातक मतदाता सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। मंडल अध्यक्ष शक्ति केंद्र की टीम युद्ध स्तर पर लग जाएं।

तीनों विधानसभा क्षेत्र में कुल ५७ बूथ हैं। शहर उत्तरी में १० पोलिंग स्टेशन व ३० बूथ, शहर दक्षिणी में ८ पोलिंग स्टेशन व १४ बूथ तथा शहर पश्चिमी विधानसभा में ६ पोलिंग स्टेशन व १३ बूथ हैं। इन सभी अभियान में पार्टी कार्यकर्ता पूरी मेहनत व लगनसे सक्रिय रहें। बैठकमें महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, रणजीत सिंह, विक्रमजीत सिंह भदौरिया, डा. शैलेश पांडेय, रमेश पासी, अनुज कुशवाहा, राजू राय, प्रमोद मोदी, वरुण केशरवानी, ज्ञानेश्वर शुक्ला, विवेक मिश्रा, पवन श्रीवास्तव, सुजीत कुशवाहा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

पूजा पर्वपर रेलवे प्रशासन चलायेगा विशेष गाडियां

रेल प्रशासन द्वारा पूजा पर्व-२०२६ के दौरान यात्रियों की सुविधा चार जोड़ी विशेष गाड़ियों का संचालन करने का निर्णय लिया गया है। अनारक्षित त्योहार विशेष एक्सप्रेस गाड़ी संख्या ०४४०६ शकूरबस्ती से मानसीके बीच पांच, छह, सात, दस, ११, १२, १३ और १४ नवम्बर को चलेगी जबकि गाड़ी संख्या ०४४०५ मानसी से शकूरबस्तीके बीच सात, आठ, नौ, १२, १३, १४, १५ और १६ नवम्बर को चलेगी। इसी क्रम में गाड़ी संख्या ०९०७३ और ०९०७४ उधना-जयनगर-उधना साप्ताहिक अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचालन होगा। गाड़ी संख्या-०९०७३ उधना से प्रत्येक रविवार को तथा गाड़ी सं. ०९०७४ जयनगर से प्रत्येक मंगलवार को प्रस्थान करती है। इस गाड़ी का संचालन दिनांक १८, २५ अक्तूबर (उधना से) और २०, २७ अक्तूबर (जयनगर से) को होगा। गाड़ी संख्या ०९०७१ और ०९०७२ उधना-जयनगर-उधना साप्ताहिक अनारक्षित विशेष गाड़ी चलेगी। गाड़ी संख्या-०९०७१ उधना से रविवार को तथा गाड़ी संख्या- ०९०७२ जयनगर से मंगलवार को संचालित होगी। इस गाड़ी का संचालन १८, २५ अक्तूबर (उधना से) और २०, २७ अक्तूबर (जयनगर से) को होगा। गाड़ी संख्या ०९०८३ और ०९०८४ बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचालन होगा। गाड़ी संख्या-०९०८३ बांद्रा टर्मिनस से प्रत्येक रविवार को तथा गाड़ी संख्या- ०९०८४ गोरखपुर से प्रत्येक सोमवार को चलायी जाएगी। इस गाड़ी का संचालन बांद्रा टर्मिनस से १८, २५ अक्तूबर और गोरखपुरसे २०, २७ अक्तूबर को संचालन होगा।

वैज्ञानिक विवेचनाके बिना न्याय संभव नहीं-न्यायामूर्ति अरुण देशवाल

चोट, फांसी एवं पोस्टमार्टम की कमियोंपर हुयी वैज्ञानिक चर्चा



वर्तमान समय में आपराधिक न्याय प्रणाली में विधि विज्ञान का महत्व अधिक बढ़ गया है। वैज्ञानिक विवेचना के बिना निष्पक्ष न्याय की परिकल्पना संभव नहीं है। यक्त बातें इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायामूर्ति अरूण कुमार सिंह देशवाल ने मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज में आयोजित मेडिको लीगल रिफ्रेशन कार्यशाला के उद्घाटन के अवसर पर कही। इलाहाबाद हाईकोर्ट के शासकीय अधिवक्ताओं के लिए आयोजित इस कार्यशाला में उन्होंने जोर देकर कहा कि अदालतों को सही निर्णय तक पहुंचाने एवं लोगों को न्याय दिलाने में लोक अभियोजकों (सरकारी वकीलों) की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि साक्ष्य संकलन में विधि विज्ञान और मेडिको लीगल की बहुत बड़ी भूमिका होती है। आपराधिक मामलों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी वारदात में पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं चोट रिपोर्ट सबसे महत्वपूर्ण वैज्ञानिक साक्ष्य होते हैं। कार्यशाला आयोजन सचिव एवं फारेंसिक मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा.राजेश कुमार राय ने बताया कि कार्यशाला से पहले गूगल फार्म के माध्यम से अधिवक्ताओं से उनकी रूचि के विषय पूछे गये थे, इनमें वकीलों ने चोटों, दम घुटने एवं गोली लगने से होने वाले घाव को लेकर सबसे अधिक रुचि दिखायी। डा. राय के अनुसार ये ऐसे विषय हैं जिनसे जुड़े तकनीकी सवाल अदालती कार्यवाही एवं न्यायिक प्रक्रिया के दौरान बार-बार सामने आते हैं। इसलिए निष्पक्ष न्याय के लिए अधिवक्ताओं को इन विषयों की गहरी वैज्ञानिक समझ देना बेहद जरूरी है। कार्यशाला में फांसी, गला घोंटना, गनशाट इंजरी एवं विभिन्न गंभीर चोट एवं खतरनाक चोटों से जुड़े संवेदनशील विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डा. अर्चना कौल ने फांसी, चोट एवं गला घोंटने जैसे मामलों में अक्सर अधिवक्ताओं के सामने तकनीकी सवाल एवं भ्रम की स्थिति पैदा होती है।

स्वामी श्रद्धानंद महाराजके बलिदान दिवसपर किया सम्मानित

आर्य समाज कृष्णा नगर कीडगंज के तत्वावधान में अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानंद महाराज का बलिदान दिवस की शताब्दी वर्ष २०२६ (२३ दिसंबर १९२६) के उपलक्ष्य में भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति (अवकाश प्राप्त) सुधीर नारायण रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मेयर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नंदी ने किया। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभा के विद्वानों-स्वयंसेवकों का वैदिक संस्कृति सम्मान से सम्मानित किया गया। इसमें सम्मानित होने वालों में सर्वप्रथम पंडित मुनेश्वर मिश्रा, रकात्मक सुंदरकांड के गायक विजय कुमार, चिकित्सा सेवाओं के लिए डा. अमितेश मिश्रा, ज्योतिषविद् अनिल गुप्ता एवं रक्षा संपदा अधिकारी अजय सहगल का सम्मान किया गया।

साथ ही अन्य भी बहुत सारे विद्वानों का इस सम्मान इस श्रृंखला में सम्मान होता रहा। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि वेदों में ही सारे कानून का मूल है। उन्होंने वेद की शिक्षा का पालन करने के लिए सभी आए हुए श्रोताओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद कुमार आर्य एवं एवं धन्यवाद संतोष कुमार शास्त्री ने दिया। कार्यक्रम का समापन गणेश श्रीवास्तवने वंदे मातरम गा कर किया।

विशेष रेलगाड़ीके डिब्बोंकी संरचनामें स्थायी बढ़ोतरी

उत्तर मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों को सुविधा एवं सीट उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए कानपुर सेंट्रल और सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल (बेंगलुरु) के मध्य संचालित विशेष रेलगाड़ी के डिब्बों की संरचना में स्थायी बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया है। इस व्यवस्था के अन्तर्गत गाड़ी संख्या ०४१३१ कानपुर सेंट्रल-सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल में ११ अक्तूबर से १५ नवम्बर तक प्रारंभिक स्टेशन से यात्रा शुरू करने वाली सेवाओं में एक अतिरिक्त स्लीपर श्रेणी का कोच स्थायी रूप से जोड़ा जा रहा है। इसी क्रम में, वापसी दिशा में गाड़ी संख्या ०४१३२ सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल-कानपुर सेंट्रल में १४ अक्तूबर से १८ नवम्बर तक प्रारम्भिक स्टेशन से चलने वाली सेवाओं में भी एक अतिरिक्त स्लीपर श्रेणी का कोच जोड़ा जायेगा। इसके पश्चात् इस ट्रेन की संशोधित कोच संरचना में १० स्लीपर, दो वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, एक वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, नौ सामान्य श्रेणी तथा दो एसएलआर-डी सहित कुल २४ डिब्बे शामिल रहेंगे।

प्रश्नोत्तरी एवं फिलेटलिक वर्कशाप में छात्रोंने लिया भाग

डाक टिकट प्रदर्शनीके समापनके मौके पर पुरस्कार वितरण आज



डाक विभाग, प्रयागराज परिक्षेत्र के अंतर्गत आयोजित होने वाली तीन दिवसीय जिला स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी 'प्रयागफिलेक्स-२०२६' मे छात्रों के लिए विशेष कार्यशाला और प्रश्नोत्तरी एवं फिलेटलिक वर्कशॉप का आयोजन किया। कार्यक्रम का संचालन डा. मनीषी बंसल, एवं राहुल गंगोली, डा. आदित्य सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे भाग लेने वाले सभी छात्रों को प्रवर डाक पाल अशोक कुमार त्रिपाठी द्वारा गिफ्ट दिया गया आयोजन में राजेश वर्मा, पी आर आई, इंचार्ज फिलेटलिक ब्यूरो प्रदीप पाठक, रजनीश श्रीवास्तव, मो. मतीन, ए पी एम उपस्थित रहे। प्रयागराज के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया प्रश्नोत्तरी के विजेता बच्चों को रविवार को पुरस्कार वितरण किया जायेगा, प्रयागराज अभिभावकों और नागरिकों से अपील की है कि इस प्रदर्शनी में अवश्य आयें और भारतीय संस्कृति व इतिहास के इस अनूठे सफर का हिस्सा बनें।

अंधविश्वास छोड़ें, समस्याओं पर खुलकर विशेषज्ञोंसे लें परामर्श-डा. अभिषेक

एसआरएन अस्पताल के मानसिक रोग विभाग की ओर से शनिवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने और इससे जुड़े सामाजिक कलंक एवं रूढ़ियों को समाप्त करने के संकल्प के साथ जागरुकता अभियान की शुरूआत की गयी। यह अभियान १० अक्टूबर से शुरू होकर १० नंबर तक चलाया जायेगा। मानसिक विभागाध्यक्ष डा. अभिषेक प्रताप सिंह ने कहा कि मानसिक परेशानी होने पर उसे छिपाने एवं अंधविश्वास के सहारे रहने के बजाय विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए। मेडिकल कालेज के उप प्रधानाचार्य डा. मोहित जैन युवाओं के बीच तेजी से बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं को मानसिक रूप स स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम करने, अपनी जीवनशैली को सुधारने एवं सोशल मीडिया से अत्यधिक इस्तेमाल से बचने की सलाह दी। उन्होंने युवाओं को अपना स्क्रीन टाइम कम की सख्त हिदायत दी।इस अवसर पर नर्सिंग कालेज एवं नर्सिंग स्कूल के विद्यार्थियों ने नशे की लत एवं प्रसव के बाद महिलाओं मे होने वाली मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं पर लघु नाटक प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रमुख अधीक्षिका डा. नीलम सिंह, सहायक अधीक्षक मेजर डा. जितेन्द्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

कृषि यंत्रोंपर फिर मिलेगी छूट, पोर्टल खुला

दशहरेपर किसानोंको बड़ा तोहफा

दशहरे के अवसर पर मुख्यमंत्री योजना के तहत किसानों को कृषि यंत्रों पर मिलने वाली छूट का लाभ उठाने का एक और मौका दिया गया है। जुलाई माह में शुरू की गई इस योजना में प्रदेश के जनपदों में जिन कृषि यंत्रों की सीटें या बुकिंग शेष रह गई थी, उनके लिए कृषि विभाग ने एक बार फिर से पोर्टल खोल दिया है। उप कृषि निदेशक पवन विश्वकर्मा ने बताया कि किसान २० अक्टूबर के बीच बचे हुए (अवशेष) कृषि यंत्रों के लिए विभागीय पोर्टल पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस चरण में मुख्य रूप से थ्रेशर, ड्रोन, हार्वेस्टर जैसे कई महत्वपूर्ण उपकरण शामिल हैं, जिनकी बुकिंग किसान पोर्टल के जरिए कर सकते हैं। श्री विश्वकर्मा ने बताया कि २० अक्टूबर तक आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद यदि आवेदनों की संख्या निर्धारित लक्ष्य से अधिक होती है, तो आनलाइन लाटरी (शार्टलिस्टिंग) के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। फिर चयनित किसानों को अपने उपकरण खरीदने और आवश्यक डीडी (डिमांड ड्राफ्ट) जमा करने के लिए लगभग एक महीने का समय दिया जाएगा।

इलाहाबाद सहित प्रदेश भर के किसान जो पिछले चरण में लाभ लेने से चूक गए थे, वे २० अक्टूबर से पहले पोर्टल पर जाकर आवेदन सुनिश्चित कर सकते हैं।

कर्मचारियोंने मांगोंको लेकर की चर्चा

उत्तर प्रदेश एग्रीकल्चर मिनिस्ट्रियल सर्विस एसोसिएशन के सदस्यों की बैठक मुण्डेरा स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। सरस्वती सभागार की बैठक का मुख्य उद्देश्य विभागीय कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों और उनकी समस्याओं पर विचार-विमर्श करना था। बैठक के दौरान संघटन के पदाधिकारियों ने कर्मचारियों के हितों की रक्षा और उनके सामने आ रही परेशानियों के समाधान को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर संघटन के अध्यक्ष सर्वदेश्वर तिवारी ने बताया कि संगठन कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं को लेकर एकजुट है। मांग पत्र से संबंधित बिंदुओं पर आगे की रणनीति तैयार की जा रही है। बैठक में उपाध्यक्ष सोनू पाण्डेय, आकाश कुमार पटेल, जय प्रकाश तिवारी, रजी अहमद, अविनाश यादव, नीलेश सिंह, संजय कुमार सिंह, लक्ष्मण सिंह आदि ने सहयोग किया। वही अन्य पदाधिकारियों ने भी कर्मचारियों के समर्थन में अपने विचार रखे।

सपाइयों ने मनायी पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादवकी पुण्यतिथि

धरतीपुत्रके संघर्षों एवं समाजवादी विचारधाराको आगे बढ़ानेका संकल्प



समाजवादी पार्टी के संस्थापक, देश के पूर्व रक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पद्म भूषण से सम्मानित स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि शनिवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय जार्जटाउन में मनायी गयी। इस मौके पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समाजवादी विचारधारा में विश्वास रखने वाले लोगों ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पार्टी के नेताओं ने उनके संघर्षपूर्ण जीवन, ऐतिहासिक राजनीतिक योगदान, सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता और गरीबों, किसानों, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों तथा वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए किए गए कार्यों को याद किया।

श्रद्धांजलि सभा में जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव का जीवन सामाजिक समानता, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनसेवा के लिए समर्पित रहा। महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन ने कहा कि समाजवादी आंदोलन को गांव-गांव तक पहुंचाने और किसानों, मजदूरों, नौजवानों तथा पिछड़े वर्गों को राजनीतिक भागीदारी दिलाने में नेताजी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूर्व विधायक सत्यवीर मुन्ना ने कहा कि समाजवादी पार्टी की स्थापना के माध्यम से उन्होंने एक ऐसे राजनीतिक मंच को आकार दिया, जिसने सामाजिक रूप से वंचित समुदायों की आवाज को राष्ट्रीय राजनीति में प्रभावशाली स्थान दिलाया। सपा प्रवक्ता दान बहादुर मधुर ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में नेताजी के कार्यकाल में ग्रामीण विकास, किसानों के हित, शिक्षा, सामाजिक कल्याण और युवाओं के अवसरों से जुड़े विषयों को प्राथमिकता मिली। कृष्ण मूर्ति सिंह यादव, श्रीमती कमला यादव आदि ने कहा कि नेताजी का राजनीतिक जीवन अनेक संघर्षों, चुनौतियों और ऐतिहासिक निर्णयों से भरा रहा। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने राजनीतिक विचारों और जनाधार को मजबूत बनाए रखा। उन्हें वर्ष २०२३ में मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि जनसेवा, संघर्ष और जनता के साथ सीधा जुड़ाव किसी भी नेता की सबसे बड़ी पूंजी होती है। कार्यक्रम में उपस्थित समाजवादी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि नेताजी के बताए रास्ते पर चलते हुए, सपा प्रमुख अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय की स्थापना, सांप्रदायिक सद्भाव को मजबूत करने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की सुरक्षा के लिए निरंतर संघर्ष जारी रहेगा।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३४७)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाषः २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।